## समाचार विज्ञप्ति

---

### मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक कुल सचिव का विज्ञापन जारी

इंदौर, 3 मई , मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के अंतर्गत सहायक कुल सचिव परीक्षा 2018 हेतु आज विज्ञापन जारी किया गया है।

29 पदों हेतु विज्ञापित उक्त परीक्षा हेतु स्नातकोत्तर उपाधि धारक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। पदों हेतु चयन ऑनलाइन परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। उक्त परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 10 मई 2018 से एम. पी. ऑनलाइन के माध्यम से भरे जाएंगे। उक्त पदों हेतु ऑनलाइन परीक्षा दिनांक 15 जुलाई 2018 को आयोजित की जाएगी।

प्रदेश के विश्वविद्यालयों में रिक्त सहायक कुलसचिव के पदों की इस विज्ञापन के माध्यम से पूर्ति हो सकेगी तथा प्रदेश के विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ होगी।

उक्त विज्ञापन आयोग की वेबसाइट www.mppscdemo.in, www.mppsc.com तथा www.mppsc.nic.in पर अपलोड किया गया है।

---

उप सचिव